आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट



बर्ष :13 अंक :409 पृष्ठ -4 दिनांक 22 फरवरी 2025 दिन शनिवार

# दीनदयाल रेलवे स्टेशन पर RPF के स्पेशल कमांडो ने संभाली कमान

## 26 फरवरी को कुंभ के आखिरी स्नान और महाशिवरात्रि के त्योहार को देखते हुए रेलवे स्टेशनों पर भी तैयारी की गई

**प्रयागराज :** 26 फरवरी को प्रयागराज कुंभ में आखिरी अमृत स्नान होना है. वही उसी दिन महाशिवरात्रि का पवित्र और शुभ दिन है जिसको लेकर RPF की सुरक्षा एजंसी के इनपुट पर की इस प्रमुख स्नान और त्योहार पर भारी भीड़ होने की संभावना है जिसको लेकर पंडित दीनदयाल स्टेशन पर त्व्थ् की स्पेशल कमांडो फोर्स कोरस तैनात किया गया है. आरपीएफ की कोरस कमांडो टीम सेना से ट्रेनिग लेकर परिपूर्ण है और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए सक्षम है. श्रद्धालुओं की सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए ये इंतजाम किए गए हैं. महाकुंभ में स्नान के लिए प्रयागराज में भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है. अब महाकुंभ को सिर्फ एक हफ्ता ही बचा है. महाशिवरात्रि के स्नान के बाद कुंभ भी खत्म हो जाएगा, ऐसे में भारी



संख्या में संगम पर लोगों के आने का अनुमान हैं. 26 फरवरी को कुंभ के आखिरी स्नान और महाशिवरात्रि के त्योहार को देखते हुए रेलवे स्टेशनों पर भी तैयारी की गई है. आरपीएफ की सुरक्षा एजेंसियों का आंकलन है कि इस प्रमुख स्नान और पर्व के पहले पंडित दीनदयाल स्टेशन पर भारी भीड़ हो सकती है जिसको लेकर RPF को सजग और मुस्तैद रहने के निर्देश दिए गए हैं. आरपीएफ की कोरस कमांडो टीम तैनातपंडित दीनदयाल स्टेशन प्रयागराज से कुछ दूरी पर और वाराणसी से सटा हुआ है. ऐसे में इस स्टेशन पर भी भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है. आरपीएफ की कोरस कमांडो फोर्स सभी प्रकार की सेना से ट्रेनिंग लेकर पूर्ण है. अब पंडित दीनदयाल स्टेशन पर श्रद्धालु की सुरक्षा करेंगे. कोरस कमांडो टीम में कुल 85 सदस्य है जो स्टेशन के अलग अलग स्थानों पर निगरानी रखेंगे. यही नहीं किसी भी आपात काल में यह कोरस फोर्स त्वरित कार्रवाई करने के लिए पहुंच जाती है. RPF के मंडल सुरक्षा आयुक्त जैतिन बी राज ने एबीपी न्यूज से बातचीत के दौरान बताया कि अमृत स्नान और महाशिवरात्रि को देखते हुए पंडित दीनदयाल स्टेशन पर त्व्थ् की स्पेशल फोर्स कोरस तैनात किया गया है. ताकि महाकुंभ के लिए उमड़ने वाली भीड़ का नियंत्रित किया जा सके.

## गांव में होगा पार्कों का निर्माण, लगेंगे ओपन जिम और झूले

लखनऊ रू ग्रामीण क्षेत्रों के निवासी भी अब पार्क में टहलने का आनंद ले सकेंगे। साथ ही ओपन जिम में एक्सरसाइज के साथ स्वास्थ्य लाभ ले सकेंगे। बच्चे पार्क में लगे झूलों में खेल सकेंगे। नगर विकास विभाग की उपवन योजना के तहत नगर निगम सीमा के तीन गांवों में पार्क बनाने की तैयारी है। स्वच्छ वातावरण और हरियाली के लिए पार्क में ही मियावाकी पद्धति से 4,000 वर्गमीटर क्षेत्रफल में पौधरोपण किया जाएगा। प्रत्येक गांव में इस पर लगभग 1.5 करोड़ रुपये खर्च आएगा। नगर विकास विभाग इसके लिए बजट देगा। अगले महीने से काम शुरू होगा, जो लगभग 4 महीने में काम पूरा हो जाएगा। नगर निगम सीमा में शामिल गांवों में सरकारी जमीनों को अतिक्रमणमुक्त कराने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में तालाब, चकमार्ग, परती में दर्ज जमीनों पर अतिक्रमण हटाकर जमीनें संरक्षित करने के लिए यहां नगर निगम पार्क, झील, हरियाली आदि विकसित कर रहा है। इससे नगर निगम की जमीन भी सुरक्षित हो जाएगी और क्षेत्रीय निवासियों को भी लाभ मिलेगा।उपवन योजना के तहत नगर निगम जोन 4 के लोनापुर व भैसोरा गांव और जोन 6 के बरावनकला को इसके लिए चिन्हित किया गया है। नगर विकास विभाग की ओर से इसके लिए बजट दिया जाएगा। नगर निगम के उद्यान विभाग ने इसका प्रस्ताव तैयार किया है। जल्द ही टेंडर निकाला जाएगा।उपवन योजना के तहत तीन गांवों में पार्क बनाये जाने हैं। इनमें ओपेन जिम और बच्चों के लिए झूले भी लगाये जाएंगे। पार्क में हरियाली के लिए मियावाकी पद्धति से पौधरोपण किया जाएगा। 4 महीने में ये पार्क तैयार हो जाएंगे।

## महाशिवरात्रि और होली से पहले सीएम योगी का सख्त निर्देश, कहा–अराजकता नहीं होगी बर्दाश्त

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने होली तथा अन्य आगामी त्योहारों के मद्देनजर सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश देते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि सभी धर्म के लोगों की आस्था का सम्मान किया जाना चाहिए, लेकिन अराजकता को कतई स्वीकार नहीं किया जाएगा.राज्य सरकार द्वारा यहां जारी एक बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री ने आगामी दिनों में होली, रमजान, चौत्र नवरात्र, राम नवमी आदि महत्वपूर्ण पर्व–त्योहार के शांतिपूर्ण आयोजन के संबंध में शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों तथा जिला, रेंज, जोन व मंडल स्तर पर तैनात वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए. बयान के अनुसार उन्होंने अधिकारियों से कहा, "पर्व–त्योहार में शासन–प्रशासन द्वारा सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं. धार्मिक परंपराध्आस्था को सम्मान दें, लेकिन अराजकता स्वीकार नहीं की जाएगी. संदिग्ध लोगों पर नजर रखें. परंपरा के विपरीत किसी नए आयोजन की अनुमति न दें."अराजकता नहीं होगी स्वीकार मुख्यमंत्री ने कहा कि होलिका दहन 13 मार्च को होना है फिर अगले दिन शुक्रवार है और होलिकोत्सव है, कानून–व्यवस्था की दृष्टि से यह संवे. दनशील अवसर है. शरारती तत्व दूसरे समुदाय के लोगों को अनावश्यक उत्तेजित करने की कुत्सित कोशिश कर सकते हैं, ऐसे मामलों पर नजर रखें. उन्होंने कहा कि संवेदनशील क्षेत्रों को चिन्हित करते हुए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाए और पुलिस बल पैदल गश्त जरुर करे तथा सोशल मीडिया को लेकर सतर्क रहें.सीएम योगी ने कहा, "महाकुंभ का समापन आगामी 26 फरवरी को महाशिव. रात्रि के अवसर पर होना है. इसी तरह, चंद्र दर्शन के आधार पर एक या दो मार्च से रमजान माह प्रारम्भ हो रहा है, फिर 13 को होलिका दहन और 14 मार्च को होलि. कोत्सव मनाया जाएगा. इसी प्रकार मार्च में ही नवरोज, चौत्र नवरात्रि, राम नवमी और 30 या 31 मार्च को ईद–उल–फित्र जैसे अनेक महत्वपूर्ण पर्व–त्योहार मनाये जाएंगे."उन्होंने कहा, "अनेक स्थानों पर शोभायात्राओं का आयोजन होगा, मेले आदि लगेंगे. उल्लास और उमंग के इस विशेष पर्व पर कानून–व्यवस्था के लिहाज से यह समय संवेदनशील है."

## बरेली : पांच साल की नौकरी में बनवा ली डेढ़ करोड़ की कोठी, बीइओ पर लगे गंभीर आरोप

बरेली बीईओ अवनीश प्रताप की नौकरी महज पांच साल पुरानी है। कासगंज में पहली तैनाती पर तीन साल रहने के बाद बरेली में दूसरी तैनाती हुई है। उनके खिलाफ पेंशन संबंधी मामले लटकाने की भी कई शिकायतें हैं।बीईओ के खिलाफ शिकायत करने वाले प्रधानाध्यापक इलियास के मुताबिक उनके मई और अप्रैल के वेतन के दो लाख रुपये रुके हुए थे जिसे जारी करने के लिए बीएसए ने आदेश कर दिया था, लेकिन बीईओ फिर भी बार–बार रिश्वत की मांग कर रहे थे।प्रधानाध्यापक ने आरोप लगाया कि पांच साल की नौकरी में ही अवनीश प्रताप ने कर्मचारी नगर में करीब 1.5 करोड़ की कोठी बनवा ली है। उनके कई प्लाट भी हैं। कई शिक्षकों की ओर से उनके खिलाफ स्कूलों को मिलने वाली ग्रांट में दस प्रतिशत की मांग करने की शिकायत की जा चुकी है।बीएसए संजय सिंह ने बताया कि चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। बीईओ के विरुद्ध शासन को लिखा जाएगा। उनके खिलाफ शासन कार्रवाई करेगा।

## उत्तराखंड जनसंख्या दबाव को कम करने के लिए बसाए जाएंगे 4 नए शहर

उत्तराखंड सरकार राज्य में बढ़ते शहरीकरण और जनसंख्या दबाव को देखते हुए चार नए शहर बसाने जा रही है. गढ़वाल और कुमाऊं मंडलों में दो–दो नए शहर विकसित किए जाएंगे. इसके साथ ही सरकार ने योगनगरी ऋषिकेश को विश्वस्तरीय स्वरूप देने के लिए विशेष प्रावधान किए हैं. वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने बजट में शहरी विकास को उच्च प्राथ. मिकता दी है, जिसमें अवस्थापना सुविधाओं, अर्बन मोबिलिटी, वेस्ट मैनेजमेंट, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट और वाटर रिसाइक्लिंग सिस्टम जैसी योजनाओं पर बल दिया गया है.राज्य में तेजी से हो रहे शहरीकरण को देखते हुए सरकार ने नई आवास नीति तैयार करने का निर्णय लिया है. इस नीति के तहत सभी आय वर्ग के व्यक्तियों को आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी. इसके अलावा, नगरीय अवस्थापना सुविधाओं के अंतर्गत ड्रेनेज, सड़क, नालियों का निर्माण, रैन बसेरों का संचालन, हाईटेक शौचालयों का निर्माण और स्थानीय निकायों के पार्कों के विकास का कार्य किया जा रहा है.प्रदेश में 4 नए शहरों की स्थापना सरकार ने शहरी क्षेत्रों में जनसंख्या दबाव कम करने के लिए चार नए शहरों की स्थापना की योजना बनाई है. ये शहर गढ़वाल और कुमाऊं में बसाए जाएंगे, जिससे वर्तमान शहरी केंद्रों पर दबाव कम होगा और बेहतर नगरीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी.योग. नगरी ऋषिकेश को वैश्विक स्तर पर आकर्षण का केंद्र बनाने के लिए सरकार ने विशेष योजनाएं बनाई हैं. गोविंदनगर (ऋषिकेश) में लीगेसी वेस्ट के निस्तारण के लिए केंद्र सरकार ने स्वच्छ भारत मिशन–2 के तहत 6.45 करोड़ रुपये की डीपीआर स्वीकृत की है. इस योजना के तहत लीगेसी वेस्ट के निस्तारण के लिए अतिरिक्त धनराशि रिंग फेन्स्ड अकाउंट से प्रदान की जाएगी. शहरी विकास के लिए 1100 करोड़ का बजट प्रस्तावित इसके अलावा, इस क्षेत्र में पार्क का सौंदर्यीकरण और ओपन जिम आदि का निर्माण भी किया जाएगा. रुड़की, हरिद्वार, काशीपुर और देहरादून में भी लीगेसी वेस्ट निस्तारण के कार्य किए जाएंगे. सरकार ने इन शहरों को स्वच्छ और सुव्यवस्थित बनाने के लिए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया है.आगामी वित्तीय वर्ष में शहरी विकास के लिए 1161.49 करोड़ रुपये और आवास विकास विभाग के लिए 388.64 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तावित किया गया है. इसके अलावा, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लिए 207.18 करोड़ रुपये, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के लिए 54.12 करोड़ रुपये और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) आवास योजना के लिए 25 करोड़ रुपये अनुदान का प्रावधान किया गया है.नए शहरों और ऋषिकेश के विकास के साथ ही, राज्य सरकार अन्य शहरी क्षेत्रों में भी बुनियादी ढांचे को सशक्त करने पर जोर दे रही है. अर्बन मोबिलिटी बढ़ाने, वेस्ट मैनेजमेंट, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट और वाटर रिसाइक्लिंग सिस्टम जैसी योजनाओं पर विशेष ध्यान दिया गया है. सरकार का उद्देश्य उत्तराखंड को स्वच्छ, सुव्यवस्थित और पर्यावरण के अनुकूल शहरी मॉडल के रूप में विकसित करना है.राज्य सरकार की ये योजनाएं उत्तराखंड के शहरी विकास को नई दिशा देंगी और नागरिकों के लिए बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराएंगी. नए शहरों की स्थापना से राज्य में रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे और आर्थिक विकास को गति मिलेगी.

## साल 2029 में 1 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनेगा यूपी, सीएम योगी ने सदन में किया दावा

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज बजट सत्र में विपक्ष के सवालों का जवाब देते हुए विरोधी दलों पर जमकर निशाना साधा. उन्होंने यूपी की अर्थव्यवस्था सबसे तेजी से बढ़ने का दावा किया और कहा कि पिछले एक दशक में पीएम मोदी के नेतृत्व में देश के 25 करोड़ लोग गरीबी से निकाले गए हैं और सिर्फ उत्तर प्रदेश में छह करोड़ गरीबी रेखा के ऊपर आए हैं. सीएम योगी ने दावा किया कि 2027 में भारत पाँच ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनेगा इसमें कोई संशय नहीं है सीएम योगी आदित्यनाथ ने सदन में कहा कि भारत सबसे तेज अर्थव्यवस्था के रूप में आगे बढ़ रहा हैं. भारत दुनिया का पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और 2027 में भारत पाँच ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनेगा इसमें कोई संशय नहीं है. भारत आज दुनिया की एक बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में सबसे ज्यादा ग्रोथ रेट के साथ आगे बढ़ रहा है. इस बात पर 140 करोड़ देशवासियों को गौरव की अनुभूति होनी चाहिए. समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आपकी पीड़ा मैं समझ सकता हूं क्योंकि आपके नेता कहते हैं कि भारत कभी विक. सित देश बन ही नहीं सकता है. हो सकता है कि कुछ लोगों को अच्छा नहीं लग रहा हो, क्योंकि जिनका अपना पर्सनल एजेंडा होता है, वह देश के विकास को अच्छा नहीं मानेंगे. लेकिन मैं आश्वस्त करता हूं कि साल 2029 में उत्तर प्रदेश +1 ट्रिलियन की इकोनॉमी भी बनेगा और देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भी बनेगा. सीएम योगी ने कहा कि पिछले आठ सालों में हमारी सरकार ने छह करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला है. अकेले महाकुंभ का आयोजन इस उत्तर प्रदेश में तीन लाख करोड़ रुपये की इकोनॉमी ग्रोथ करने वाला है. महिलाओं के स्वावलंबन के लिए जो कार्य हुए हैं. अकेले यूपी पुलिस भर्ती में बीस फीसद महिलाओं को भर्ती किया गया है. हरेक सेक्टर में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है. मुख्यमंत्री ने कहा कि संसाधनों से भरपूर उत्तर प्रदेश जिसको सपा और विपक्षी दलों की सरकार ने देश के बीमारू राज्यों में खड़ा कर दिया था पिछले आठ सालों की सरकार के अथक प्रयासों से आज आज यूपी देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका हैं और वर्ष 2029 में यूपी +1 ट्रिलियन की इकोनॉमी भी बनेगा और देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भी बनेगा.

## महाकुंभ में 59 करोड़ से अधिक पहुंचा श्रद्धालुओं का आकंड़ा, जेल में कैदियों का संगम स्नान

प्रयागराज महाकुंभ में आस्था की डुबकी लगाने के लिए संगम आने वालों का आंकड़ा 59 करोड़ पहुंच गया है. इस अमृत काल में पुण्य की डुबकी से कोई छूट न जाए, सभी की आस्था और धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए योगी सरकार ने प्रदेश की जेल में बंद कैदियों के लिए भी बड़ी पहल की है. प्रयागराज की सेंट्रल नैनी जेल और जिला जेल के हजारों कैदियों को भी इसका अवसर मिला. यह पावन अवसर पाकर कैदी भाव विभोर प्रयागराज महाकुंभ में पुण्य की डुबकी लगाने को उमड़ रहे आस्था के जन सैलाब ने अब तक के सभी पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है. प्रशासन द्वारा आज जारी आंकड़ों के मुताबिक अब तक महाकुंभ में करीब 59 करोड़ लोग संगम में पुण्य की डुबकी लगा चुके हैं. योगी सरकार ने प्रदेश में जेल में बंद कैदियों की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए अब उन्हें भी इस पुण्य के भागीदारी बनने का अवसर दिया है प्रदेश की सभी 62 जेलों के कैदियों ने त्रिवेणी के पुण्य जल से स्नान किया है. इसके लिए जेल के अंदर ही बड़े–बड़े हौज बनाए गए, जिसमें त्रिवेणी से लाया गया पवित्र जल मिलाया गया. इसी जल से स्नान कर जेल में बंद कैदी भी पुण्य के भागीदारी बने हैं. प्रयागराज की सेंट्रल नैनी जेल में भी इसके लिए भव्य व्यवस्था की गई. नैनी जेल के वरिष्ठ जेल अधीक्षक रंग बहादुर पटेल बताते हैं कि नैनी जेल में इस समय 1700 से कैदी है

इन्हें 1400 से अधिक कैदियों को त्रिवेणी के पावन जल से स्नान का अवसर मिला है. शासन के निर्देश पर त्रिवेणी से एक कलश में वहां का पावन जल लाया गया. जेल के अंदर विधि विधान से उसका पूजन किया गया और फिर इसी जल को जेल के अंदर बनाए गए कुंड में डाल दिया गया. इसी जल से जेल केजिला जेल के बंदियों को भी मिला संगम के जल से स्नान का अवसरप्रयागराज की सेंट्रल नैनी जेल के अलावा जिले की जिला जेल के बंदियों को भी अमृत काल में संगम के पुण्य जल से स्नान का पुण्य लाभ अर्जित करने का अवसर मिला. प्रयागराज जिला जेल की वरिष्ठ अधीक्षक अमिता दुबे बताती हैं कि जेल में वर्तमान में 1300 से अधिक बंदी हैं. इनमें 1000 से अधिक बंदियों को महाकुंभ के जल से पुण्य स्नान के लिए व्यवस्था की गई. संगम से लाए गए पवित्र जल को विधि विधान से पूजा अर्चना करने के बाद उसी जल से कैदियों ने पुण्य स्नान किया है. भाव विभोर हुए कैदी, जेल में हुआ हर हर गंगे का हुआ उद्घोष जेल में बंद इन कैदियों ने संभवतः कभी सोचा भी न होगा कि सलाखों के अंदर रहते हुए भी उन्हें 144 साल के इस दुर्लभ संयोग में त्रिवेणी के पावन जल में स्नान का अवसर मिल पाएगा. लेकिन प्रदेश की ोगी सरकार ने कैदियों के लिए इसकी व्यवस्था कर दी.

## कानपुर में अधिवक्ता संशोधन बिल पर वकील नाराज, कानून मंत्री के खिलाफ नारेबाजी

केंद्र सरकार के द्वारा अधिवक्ता बिल में संशोधन किए जाने को लेकर अब अधिवक्ताओं में आक्रोश दिखाई दे रहा है. अधिवक्ता समाज इस संशोधन से नाराज है, क्योंकि उनके मुताबिक इस बिल में अधिवक्ताओं को खत्म करने और उनके अधिकार का हनन है. जिसे लेकर अधिवक्ताओं ने प्रदेश स्तर पर कार्य बहिष्कार कर दिया और सड़कों पर उतर आए हैं.अधिवक्ताओं द्वारा जोरदार प्रदर्शन किया जा रहा है. वहीं अधिवक्ताओं पर जुर्माने और रजिस्ट्रेशन को रद्द करने को भी इस कानून मे जगह दी गई है. आज प्रदेश भर में अधिवक्ताओं ने अपने कार्य का बहिष्कार कर दिया है. इसके साथ ही सड़कों पर उतरकर कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल का पुतला लेकर प्रदर्शन किया जा रहा है.कानपुर शहर में अधिवक्ताओं ने किया विरोध प्रदर्शनकानपुर कचहरी में लगभग लायर्स और बार संगठन को मिलाकर 17 हजार अधिवक्ता है. इस कानून मे संशोधन के चलते उन्हें अपने अधिकारी और कार्य क्षेत्र में बाधा नजर आ रही है. इसी विरोध के चलते कानपुर कचहरी में काम को बंद कर दिया गया है. सभी कार्यालयों को जबरन अधिवक्ताओं ने बंद कराकर इस विरोध में शामिल कर लिया.शहर में सड़कों पर अलग अलग जगह पर अधिवक्ता विरोध करते हुए दिखाई दे रहे हैं. इस विरोध के चलते अधिवक्ताओं ने बताया कि ये कानून में अनुच्छेद 19 में विरोध का अधिकार भी है. सरकार अधिवक्ताओं को कमजोर करना चाहती है. पहले मीडिया फिर विपक्ष और अब सरकार के खिलाफ खड़े होने वाले अधिवक्ताओं पर नकेल डालने के लिए इस कानून मे संशोधन कर उन्हें जकड़ने का काम किया जा रहा है.

# अलीगढ़ : ATM में प्लास्टिक की डिवाइस लगाकर कर गायब कर देते थे हजारों रूपए

अलीगढ़ की एसओजी सर्विलांस समेत थाना रोरावर पुलिस की संयुक्त टीमों के द्वारा एटीएम में प्लास्टिक की डिवाइस फंसा कर लोगों के रुपए निकालने वाले अंतर्जनपदीय गैंग का खुलासा करते हुए चार शातिर लोगों को एटा जिला सहित कासगंज जिले से गिरफ्तार किया है. एटीएम में प्लास्टिक की डिवाइस फंसाकर लोगों का एटीएम में फंसा पैसा निकाल कर चंपत होने वाले अंतर्जनपदीय गैंग के सदस्यों के कब्जे से पुलिस ने कई सामान बरामद किए हैं.सीसीटीवी फुटेज के आधार पर वारदात में इस्तेमाल की गई एक कार, नगद रुपए और एटीएम से रुपए निकालने में इस्तेमाल किए जाने वाली प्लास्टिक की डिवाइस समेत मोबाइल फोन और सिम कार्ड बरामद किए गए हैं. जिसके बाद पुलिस ने अंतर्जनपदीय गैंग के चार सदस्यों के खिलाफ रोरावर थाने पर मुक. दमा दर्ज करने के बाद जेल भेजते हुए वारदात में शामिल उनके फरार दो अन्य साथियों की तलाश में पुलिस जुटी हुई है. क्या कहते है एएसपी मयंक पाठकपूरे मामले पर मयंक पाठक के द्वारा जानकारी



देते हुए बताया गया कि अलीगढ़ पुलिस और एसओजी टीम के द्वारा बड़ी सफलता हासिल की है, जिसमें यह पूरी टीम बधाई के पात्र है. पुलिस के द्वारा एक ऐसे गैंग का पर्दाफाश किया है जो अंतर्जनपदीय गिरोह के रूप में कार्य कर रहा था जो लगातार प्लास्टिक की एक डिवाइस का इस्तेमाल करने के बाद एटीएम से हजारों रुपए उड़न छू कर लेता था. गांधी पार्क और थाना रोरावर इलाके सहित अलग–अलग जगह से इन आरोपियों के द्वारा हजार रुपए की टप्पेबाजी की थी. इनको पुलिस के द्वारा अलग–अलग जनपद से गिरफ्तार किया है. बताया जाता है बीती घटना को लेकर प्रभारी निरीक्षक थाना रोरावर जनपद अलीगढ
द्वारा मु0अ0सं0 48/25 धारा 305 बीएनएस में पंजीकृत किया गया था. जिस मुकदमे के वांछित उपरोक्त आरोपी शिव कुमार पुत्र नरेश सिह ठाकुर, बादल पुत्र राजेश सौलंकी, बृज किशोर पुत्र सुभाष चन्द्र सौलंकी और अमित पुत्र रंजीत समस्त निवासीगण सरसैट को थाना अमांपुर जनपद कासंगज को मुखबिर की सूचना पर ठंडी सडक, नन्नूमल चौराहा पंजाबी मंदिर के पास जनपद एटा से गिरफ्तार किया गया. इनसे 4460 रुपए और घटना में प्रयुक्त गाड़ी बरामद की गई.

## मण्डलायुक्त ने नीरज–शहरयार पार्क में दो दिवसीय मण्डल स्तरीय फल, पुष्प एवं शाकभाजी प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

अलीगढ़ आयुक्त अलीगढ़ मण्डल अलीगढ़ संगीता सिंह द्वारा राजकीय औद्योगिक एवं कृषि प्रदर्शनी स्थित नीरज–शहरयार पार्क में दो दिवसीय मण्डल स्तरीय फल, पुष्प एवं शाकभाजी प्रदर्शनी का फीता काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ किया गया।मण्डलायुक्त ने उद्यान विभाग द्वारा की गई इस सराहनीय पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि इससे निश्चित रूप से दूर–दराज के फल, सब्जी एवं पुष्प उत्पादक किसान लाभान्वित और प्रोत्साहित होंगे। उन्होंने कहा कि बहुत सी महिलाएं एवं पर्यावरण प्रेमी किचन गार्डन या गमलों में तरह–तरह के पौधे एवं सब्जियां लगाते हैं, उनके लिए अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने का यह बेहतर मंच है। उन्होंने आमजन से आव्हान किया कि वह किसानों एवं व्यावसायिक उत्पादकों के साथ वह भी अपने उच्च कोटि के उत्पाद यहां प्रदर्शित करें ताकि और लोग भी पर्यावरण के प्रति जागरूक हो सकें। उन्होंने इस अवसर पर किसानों एवं किसानों एवं आमजन द्वारा लगाए गए पुष्प, फलों एवं शाकभाजी की प्रदर्शनी का अवलोकन कर उनकी सराहना की। इस अवसर पर संयुक्त विकास आयुक्त मंशाराम यादव, उप निदेशक उद्यान बलजीत सिंह समेत संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) के आफताब हॉल के मुमताज हॉस्टल में एक छात्र को फंदे पर लटका हुआ देख हड़कंप मच गया

अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) के आफताब हॉल के मुमताज हॉस्टल में एक छात्र की बह रस्सी के फंदे पर लटका हुआ देख हड़कंप मच गया. हालांकि, पुलिस और एएमयू प्रशासन की ओर से अभी तक खुदकुशी की पुष्टि या किसी अन्य कारण की आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है.घटना की सूचना को लेकर बताया गया है कि, मृतक छात्र का नाम मोहम्मद शाकिर है, जो मोहम्मद जाहिद के पुत्र थे और उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले के निवासी थे. मृतक छात्र एएमयू में मास्टर डिग्री का छात्र था. यह दुखद घटना तब सामने आई जब हॉस्टल में मरम्मत के काम के लिए आए मजदूरों ने सुबह लगभग 9रू20 बजे उसकी बॉडी को फंदे से लटका देखा.मजदूरों ने जैसे ही यह दृश्य देखा, उन्होंने तुरंत इसकी सूचना विश्वविद्यालय प्रशासन को दी. इसके बाद एएमयू की प्रॉक्टोरियल टीम और पुलिस मौके पर पहुंची. घटना स्थल को लेकर जांच शुरू की गई और शव को नीचे उतारा गया. घटना स्थल की प्रारंभिक जांच के बाद, स्थानीय लोग इसे खुदकुशी मान रहे हैं, लेकिन पुलिस और प्रशासन ने अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है. शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है, और रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की पुष्टि हो सकेगी. मोहम्मद शाकिर को उनके साथी छात्रों और दोस्तों के बीच एक शांत और अध्ययनशील छात्र के रूप में जाना जाता था. वह मास्टर डिग्री की पढ़ाई कर रहा था और मुमताज हॉस्टल में रह रहा था. घटना के बाद से ही हॉस्टल में सन्नाटा पसरा हुआ है. इस घटना से साथी छात्र बेहद आहत हैं.इस घटना के बाद एएमयू परिसर में शोक की लहर दौड़ गई है. विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्र की असमय मृत्यु पर गहरा दुःख व्यक्त किया है और परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की है. पुलिस ने कहा है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और जांच पूरी होने के बाद ही मृत्यु के कारणों का स्पष्ट रूप से पता चल पाएगा. इसके अलावा, यदि खुदकुशी की पुष्टि होती है, तो यह जानने की कोशिश की जाएगी कि छात्र ने ऐसा कदम क्यों उठाया? खुदकुशी की इस घटना के कारणों का अभी तक खुलासा नहीं हुआ है, लेकिन छात्रों के बीच तनाव, मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं, और अकादमिक दबाव जैसे कारणों पर चर्चा हो रही है. विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्रों से अपील की है कि यदि वे किसी भी प्रकार के मानसिक तनाव या समस्या का सामना कर रहे हैं तो परामर्श केंद्रों से संपर्क करें.पूरे मामले पर अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के प्रौक्टर वसीम अली के द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि, छात्र का शव फांसी के फंदे पर लटका मिलने की सूचना मिली थी मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है. पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है. छात्रा के परिजनों को सूचना दे दी गई है. जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी.

## मां की गोद में सो रहे मासूम पर कुत्ते का हमला,

अलीगढ़ थाना टप्पल क्षेत्र के गांव रसूलपुर में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। मां की गोद में सो रहे मासूम पर एक कुत्ते ने अचानक हमला कर दिया। कुत्ते ने बच्चे के सिर पर गंभीर चोट पहुंचाई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।घटना के बाद परिजनों में हड़कंप मच गया। वे आनन–फानन में बच्चे को जिला मलखान सिंह अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां से डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जेएनएमसी JNMC अस्पताल रेफर कर दिया।बच्चे के बाबा जसराम ने बताया कि यह घटना अचानक घटी और सभी लोग सदमे में हैं। फिलहाल बच्चे का इलाज जारी है।

**अलीगढ़ पुलिस की बड़ी कार्रवाई अंतर. जनपदीय एटीएम चोर गिरोह के 4 सदस्य गिरफ्तार**

अलीगढ़ के थाना रोरावर पुलिस, SOG और सर्विलांस टीम ने ऑपरेशन प्रहार के तहत अंतरजनपदीय गैंग के 4 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। ये अभियुक्त एटीएम में प्लास्टिक की प्लेट पर डिवाइस लगाकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे।गिरफ्तारी जनपद एटा और सिकंद. राराऊ से हुई, अभियुक्तों के पास से एक कार, 4,660 रुपये, एटीएम कार्ड, पैन कार्ड, आधार कार्ड सहित अन्य सामग्री बरामद की गई।गिरफ्तार अभियुक्तों ने अलीगढ़ के थाना लोधा और गांधी पार्क क्षेत्र में एटीएम से चोरी की वारदातों को अंजाम दिया था। पुलिस ने सभी के खिलाफ विधिक कार्रवाई कर उन्हें जेल भेज दिया।

## परिवार के साथ लगाई प्रयागराज महाकुंभ में डुबकी

अलीगढ़।प्रयागराज महाकुम्भ में जाने वाले श्रद्धालुओं में अभी भी खासा जोश बना हुआ है और जनपद अलीगढ़ से भी यहां पर भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं जबकि इसी क्रम में महानगर के प्रख्यात न्यूरोसर्जन डॉ.नागेश वार्ष्णेय ने भी अपने पूरे परिवार के साथ प्रयागराज महाकुंभ में डुबकी लगाकर पुण्य लाभ प्राप्त किया। आपको बता दें कि डॉक्टर साहब के साथ उनके पिता प्रमोद कुमार गुप्ता पत्नी प्रीती वार्ष्णेय और बच्चे निविद वार्ष्णेय व प्रीना वार्ष्णेय के साथ साथ हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ.जी.के.सिंह भी शामिल रहे और यहां पर संगम में स्नान करते हुए जगत के कल्याण की मंगल कामना भी की और तीर्थ नगरी प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ से लौटने के उपरांत डॉ.नागेश वार्ष्णेय ने सरकार द्वारा वहां पर नियत की गई व्यवस्थाओं की सराहना की।

## राजस्व संग्रह अमीन संघ उत्तर प्रदेश जनपद शाखा अलीगढ़ का वार्षिक सम्मेलन




राजकीय औद्योगिक एवं कृषि प्रदर्शनी के कृष्ण लीला नाट्यशाला मैंसंघ के अध्यक्ष सत्येंद्र चौहान की अध्यक्षता में संपन्न हुआ सम्मेलन का संचालन संघ के मंडल अध्यक्ष व राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिला मंत्री शिवकुमार सिंह ने किया सम्मेलन के सम्मुख अतिथि संघ के प्रदेश अध्यक्ष सर्वेश कुमार शर्मा व राज्य कर्मचारी शक्ति परिषद के अपर महामंत्री डॉ नरेश कुमार रहे. विशिष्ट अतिथि के रूप में संघ के प्रांतीय संगठन मंत्री लाल सिंह मौर्य जिला अध्यक्ष एट कमलेश राठौर जिला अध्यक्ष हाथरस हाकिम सिंह उपाध्याय जिला अध्यक्ष आगरा अजय सिंह तोमर जिला अध्यक्ष मथुरा छेदालाल मंडल अध्यक्ष बरेली सूर्य प्रकाश गंगवार मंडल अध्यक्ष आगरा क्षेत्र सिंह संरक्षक कुशल पाल दीक्षित दीक्षित उप. स्थित रहेसम्मेलन को संबोधित करते हुए राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिला अध्यक्ष संजीव चौधरी ने कहा कि कर्मच. रियों पर काम का अत्यंत दबाव है इसके कारण शारीरिक स्वास्थ्य व मानसिक स्वास्थ्य खराब हो रहा है अतः घर परिवार वह स्वास्थ्य को ध्यान में रखें तनाव मुक्त रहते हुए कार्य करेंडॉ नरेश कुमार अपर महामंत्री राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश ने कहा कि हमें अपनी मांगों के साथ–साथ ही अपने कार्य व दायित्वों की प्रति भी जागरूक रहना होगा सरकार कर्मचारियों के प्रति संवेदनशील नहीं है कर्मचारियों पर कार्य का आतंक दबाव है और सरकार नियमित नियुक्ति नहीं कर रही है अधिकारी शासनादेशों के अनुरूप समय से निस्तारण नहीं करते हैं जिसके कारण समस्याओं का जन्म होता है प्रदेश अध्यक्ष सर्वेश कुमार शर्मा ने कहा की क्रांति कार्यकारिणी अमीन संवर्ग की समस्याओं के निस्तारण हेतु गंभीर है नियमित रूप से प्रोन्नति की जा रही है संपर्क की शैक्षिक योग्यता को पद नाम परिवर्तन की कार्यवाही गतिशील हो रही है सरकार को पूर्व की भांति नायब तहसीलदार के पद पर सीधी पदोन्नति प्रदान की जाएइस अवसर नायब तहसीलदार सुरेंद्र गौतम को जिला स्तरीय मांगों से संबंधित ज्ञापन सोपा गया तथा शशि तब कला केंद्र की छात्राओं द्वारा संस्कृत कार्यक्रम श्रीमती मीनाक्षी नागपाल के नेतृत्व में प्रस्तुत कियासम्मेलन में मंडल कोषाध्यक्ष प्रमुख सक्सेना पूर्व जिला मंत्री उमेश सिंह समिक संग्रह अमीन संघ के अध्यक्ष प्रवेश अत्री जिला मंत्री प्रेम बाबू शर्मा धीरज कुमार राजपाल सिंह उपाध्यक्ष आनंदपाल सिंह वीरेंद्र पाल सिंह अशोक कुमार महेश गुप्ता बीके शर्मा अनिल कुमार वर्मा आदि उपस्थित रहे

## सोनिया गांधी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की मंगल कामना को लेकर कांग्रेसियों ने दरगाह पर की दुआ

अलीगढ़।कांग्रेस सुप्रीमो सोनिया गांधी की तबीयत खराब होने के बाद उन्हें उपचार के लिए दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराया गया है जबकि इस खबर के बाद युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव सगीर कुरैशी ने कलेक्ट स्थित हजरत मासूम मियां रहमतुल्लाह की दरगाह पर जाकर उनकी सेहत के लिए विशेष दुआ की।इस दौरान सगीर कुरैशी ने कहा कि सोनिया गांधी ने देश की सेवा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है और उनके शीघ्र स्वस्थ होने के लिए दुआ करना कर्तव्य है।इस दौरान अन्य कार्यकर्ता और स्थानीय समर्थक भी उपस्थित थे,जिन्होंने मिलकर सोनिया गांधी के स्वास्थ्य लाभ के लिए दुआ की। इस दौरान यहां पर समीर मालिक,शाद भाई,यूनुस भाई और यामीन भाई आदि लोग मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## घोषित विद्युत कटौती से व्यापारियों में आक्रोश

विधुत अधिकारी अपनी मनमानी वंद करें अन्यथा आंदोलन को होंगे वाध्य– प्रदीप गंगा– उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश अलीगढ़ द्वारा विधुत विभाग से सम्बंधित विभिन्न समस्याओं को लेकर एक वैठक लां डायमंटे रेस्टोरेंट मसूदावाद पर प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष व जिलाध्यक्ष प्रदीप गंगा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। वैठक का संचालन प्रदेश संगठन मंत्री हरिकिशन अग्रवाल ने किया।वैठक उपरांत मुख्यमंत्री उ प्र सरकार के नाम 11 सूत्रीय ज्ञापन भी ओनलाइन भेजा गया। जिलाध्यक्ष प्रदीप गंगा ने कहा कि प्रदेश में अधिकारियों के मनमानी रवैया की वजह से व्यापार व उद्योगो को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है जिसमें बिजली विभाग से संबंधित कठिनाइयों से व्यापारी सर्वाधिक पीड़ित है। माननीय मुख्यमंत्री जी आपसे अनुरोध है व्यापारियों व उधमियों की बिजली विभाग से संबंधित समस्याओं को निम्नानुसार संज्ञान में लेकर निस्तारित करने के आदेश पारित करने की कृपा करें।वर्तमान में अंधाधूंध हो रही बिजली की अघोषित कटौती से व्यापार व उद्योग धंधे प्रभावित हो रहे हैं अतः आपसे अनुरोध है कि विद्युत कटौती को सार्वजनिक रूप से घोषित किया जाए तथा रोस्टर बनाकर नियमित सप्लाई रोस्टर अनुसार दिए जाने के आदेश पारित करें मेंटीनेंस का कार्य कटौती के समय करने के आदेश पारित करें जिससे डबल कटौती से आम जनता स्मार्ट मीटर सामान्य मीटर के मुकाबले अधिक तेज चल रहे हैं स्मार्ट मीटरो की जांच कराकर अधिक की जा रही वसूली पर रोक लगाई जाए।अन्य पड़ोसी राज्यों के मुकाबले उत्तर प्रदेश में बिजली की दरें सर्वाधिक होने के कारण हमारा व्यापार पड़ोसी राज्य को ट्रांसफर हो रहा है जिससे सरकार के राजस्व की भी हानि होती है अतः आपसे अनुरोध है कि पड़ोसी राज्यों की विद्युत दरों की सर्वे कराकर बिजली की दरों में एकरूपता लाने का प्रयास किया जाए जिससे उत्तर प्रदेश के उद्योग वह व्यापार तरक्की कर सकें। प्रदेश में भारी संख्या में गलत बिजली के बिल भेजे जा रहे है अधिशासी अभियंता व उपखंड अधिकारी कार्यालय पर बिल रिवाइज रजिस्टर मेंटेन किया जाए तथा उपभोक्ता के बिल सही किए जाने की समय सीमा तय की जाए। खराब बिल समय से सही होने पर राजस्व में भी बढ़ोतरी होगीपूर्व में प्रत्येक ट्रांसफार्मर व बिजली घर पर इनकमिंग आउटगोइंग जांचने के लिए मीटर लगाए गए थे जिससे जेई व एसडीओ प्रतिदिन बिजली खरीद व बिक्री का हिसाब रख सकते हैं इसलिए किसी भी क्षेत्र में बिजली चोरी पाए जाने पर एसडीओ व जेई की जिम्मेदारी फिक्स की जाए जिससे बिजली चोरी पर तुरंत रोकथाम लगाई जा सकती है।बिजली के बिलों में सिक्योरिटी राशि दर्ज नहीं की जा रही है। सिक्योरिटी राशि को बिजली के बिलों में अंकित कर नियम अनुसार ब्याज दिए जाने के आदेश पारित करने की कृपा करेसरकार द्वारा नया उद्योग लगाने पर 10 साल तक विद्युत बिल में इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी 7रू 50 प्रतिशत छूट दिए जाने के आदेश किए गए थे बिजली का कनेक्शन लेते समय सभी आवश्यक दस्तावेज विभाग में जमा किए जाते हैं इसलिए सभी नए औद्योगिक कनेक्शनों पर स्वतः 7रू 50 प्रतिशत इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी की छूट 10साल के लिए प्रदान की जाए। वाणिज्य कनेक्शन से मिनिमम चार्ज समाप्त किये जाए।घरेलू विद्युत कनेक्शन से इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी समाप्त की जाए।सभी ट्रांसफार्मर पर टी पी एम ओ लगाए जाए जिससे मरम्मत कार्य करते समय पूरे फीडर की सप्लाई बंद ना करनी पड़े सिर्फ उस ही ट्रांसफार्मर जहां बिजली सप्लाई मे फॉल्ट है बिजली बंद की जानै के आदेश पारित करने की कृपा करेंजरजर व खराब तारों को तुरंत बदल जाने के आदेश पारित करने की कृपा करें ओवरलोड ट्रांसफार्मर को बदलकर बड़े ट्रांसफार्मर लगवाए जाने के आदेश पारित करने की कृपा करें। व्यापारियों मुख्यमंत्री उ प्र से आशा की है अतिशीघ्र हमारी मांगो को संज्ञान में लेते हुए पूर्ण करेंगे।वैठक में प्रदेश संगठन मंत्री हरिकिशन अग्रवाल, महानगर अध्यक्ष आलोक प्रताप सिंह, मुनेश पाल सिंह,युवा जिलाध्यक्ष सन्तोष वाष्णेय, जिला महामंत्री राकेश लीडर यश कुमार वावा, राहुल कनक,सुमित एडमिन, राजीव माहेश्वरी,आमोद कुमार,अजय शर्मा, सुमित एडमिन, रविन्द्र जोशी, संजय अग्रवाल, दिवाकर सिंहल, मनोज कश्यप, शकंर लाल वार्ष्णेय, राजकुमार खन्ना, प्रदीप कूलर, गिरीश, हेमंत वालाजी,जितेन्द्र, राजू मामा, उमंग वार्ष्णेय, राहुल विल्डिंग, ज्ञानेंद्र शर्मा आदि काफी संख्या में व्यापारी उपस्थित थे।



# गलत लॉटरी टिकट से निराश महिला की खुल गई किस्मत, जीत गई 17 करोड़ का जैकपॉट

दुनिया में कब, कैसे और किसकी किस्मत बदल जाए, कोई नहीं जानता. कभी एड़ी–चोटी का जोर लगाकर भी जीत हासिल नहीं होती, तो कभी किसी एक गलती से किसी का जैकपॉट लग जाता है. ऐसा ही कुछ वर्जीनिया की एक महिला के साथ हुआ, जिससे उस महिला की किस्मत बदल गई. दरअसल, वर्जीनिया की एक महिला लॉटरी के गलत टिकट मिलने से नाराज थी, लेकिन उसी गलत लॉटरी टिकट से महिला को 2 मिलियन डॉलर (भारतीय रुपये में करीब 17 करोड़ 32 लाख रुपये) का जैकपॉट लग गया.फॉक्स बिजनेस के मुताबिक, कैरलटन की रहने वाली केली लिंडसे ने एक लोकल स्टोर से विशेष स्क्रैच–ऑफ टिकट मांगा था, लेकिन कैशियर ने गलती से महिला को मनी ब्लिट्ज स्क्रैच–ऑफ का टिकट दे दिया.गलत लॉटरी टिकट पाकर नाराज हो गई थी केलीगलत लॉटरी के टिकट मिलने पर केली लिंडसे शुरुआत में नाराज हो गई थी. हालांकि, बाद में उसने पार्किंग एरिया में टिकट को स्क्रैच करने का फैसला किया. टिकट के स्क्रैच करने के बाद जो हुआ उससे केली के होश उड़ गए. केली ने 2 मिलियन डॉलर का जैकपॉट प्राइज जीत लिया था, जो भारतीय रुपये में करीब 17, 32,83,100 रुपये है.पल भर में गायब हो गई केली की नाराजगीलॉटरी टिकट को स्क्रैच करने के बाद केली लिंडसे की नाराजगी पल भर गायब हो गई. इस घटना के बारे में केली ने मजाकिया तौर पर कहा कि मैं इस बात से खुश नहीं पाई. लॉटरी टिकट की यह



गड़बड़ी केली लिंडसे की जिंदगी की सबसे भाग्यशाली गलती साबित हो गई.लॉटरी जीतने के बाद केली ने एनुइटी पेमेंट के बजाए अपने जीते हुए पैसे को एक बार में लेने का फैसला किया और सारे टैक्सों को चुकाने के बाद केली को 1,250,000 डॉलर मिले.द मेट्रो के मुताबिक, मनी ब्लिट्ज गेम में जैकपॉट जीतन की संभावना 11,42,400 लोगों में से एक की होती है. बता दें कि इस गेम में कुल दो टॉप प्राइज होते हैं, इसका मतलब है कि इस गेम के दूसरे लक्की विजेता का सामने आना अभी बाकी है.

## अमेरिका FBI निदेशक के रूप में काश पटेल के नाम पर लगी मुहर

वाशिंगटन सीनेट ने गुरुवार को संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) के निदेशक के रूप में काश पटेल के नाम पर मुहर लगा दी। सीनेट में हुए मंतदान में पटेल ने मामूली अंतर से जीत हासिल कर देश की प्रमुख संघीय कानून प्रवर्तन एजेंसी के शीर्ष पद पर नियुक्ति की दिशा में अपनी दावेदारी पुख्ता कर दी। हालांकि डेमोक्रेटिक पार्टी के सदस्यों को पटेल की योग्यता पर संदेह है और उन्हें इस बात की चिंता है कि वह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के इशारे पर काम करेंगे तथा रिपब्लिकन राष्ट्रपति के विरोधियों के खिलाफ काम करेंगे।

रिपब्लिकन पार्टी की बहुमत वाली सीनेट में 51–49 के अंतर से एफबीआई निदेशक के रूप में काश पटेल के नाम पर मुहर लगी। डेमोक्रेटिक पार्टी से सीनेटर डिक डर्बिन ने कहा, ''मैं इससे बदतर विकल्प की कल्पना नहीं कर सकता।'' रिपब्लिकन पार्टी से मेन की सीनेटर सुसान कोलिन्स और अलास्का की लिसा मुर्कोव्स्की ने हालांकि इसका विरोध किया। आर–आयोवा के सीनेटर और सीनेट न्यायपालिका समिति के अध्यक्ष चक ग्रा. सली ने पटेल के नाम की पुष्टि से पहले कहा था, ''पटेल एक बार फिर एफबीआई को जवाबदेह बनाना और कानून प्रवर्तन के लिए एजेंसी की ऐतिहासिक प्रतिष्ठा को वापस दिलाना चाहते हैं।'' उन्होंने कहा, ''वह (पटेल) एफबीआई को कांग्रेस (अमे. रिकी संसद), राष्ट्रपति और सबसे महत्वपूर्ण इसे उन लोगों के प्रति जवाबदेह बनाना चाहते हैं जिनकी वे सेवा करते हैं, अमेरिकी करदाता।'' डेमोक्रेटिक पार्टी के सदस्यों ने पिछले एफबीआई निदेशकों की तुलना में पटेल के प्रबंधन के अनुभव की कमी के बारे में शिकायत की थी और उनके (पटेल के) पिछले भड़काऊ बयानों का जिक्र किया था, जो उनके निर्णय को सवालों के घेरे में लाते हैं।

## देश की महिला राष्ट्रपति ने डोनाल्ड ट्रंप को दी धमकी

मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम ने कहा कि उन्हें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से दी जा रही धमकियों से डर नहीं लगता. वो यहां अमेरिकी राष्ट्रपति की ओर से ज्यादा टैरिफ लगाने, ड्रग कार्टेल के खिलाफ सैन्य एक्शन लेने और निर्वासितों को वापस भेजने को लेकर दी जा रही चेतावनी पर टिप्पणी कर रही थीं.प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान, जब पूछा गया कि क्या मेक्सिकन राष्ट्रपति ट्रंप की धमकियों से डरती हैं, तो शिनबाम ने जवाब दिया, नहीं. मुझे लोगों का समर्थन प्राप्त है. जब किसी के पास निश्चितता और दृढ़ विश्वास होता है और वह जानता है कि उसके सिद्धांत क्या हैं, तो उसे क्यों डरना चाहिए? उन्होंने ट्रंप के उपायों पर चिंताओं को दूर करते हुए कहा कि दोनों सरकारों के बीच बातचीत जारी है.श्संप्रभुता का उल्लंघन नहीं होंगे देंगेराष्ट्रपति ने कहा कि वह मेक्सिको की संप्रभुता का उल्लंघन कभी नहीं होने देंगी, लेकिन अगर इसका उल्लंघन होता है, तो मातृभूमि की रक्षा के लिए पूरा देश साथ खड़ा होगा. शिनबाम की टिप्पणी ट्रंप के उस बयान के एक दिन बाद आई है जिसमें उन्होंने कहा था कि मेक्सिको ड्रग कार्टेल द्वारा चलाया जाता है, जो एक आपराधिक संगठन है जिसे अमेरिकी सरकार ने आतंकवादी घोषित किया है.ट्रंप ने लगाए थे गंभीर आरोपट्रंप ने मैक्सिकन अधिकारियों पर लाखों लोगों को अवैध रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रवेश करने की अनुमति देने का भी आरोप लगाया और आप्रवासन के प्रवाह को रोकने के लिए अपनी मदद की पेशकश की. दोनों देशों के अधिकारी इस सप्ताह वाशिंगटन में मैक्सिकन उत्पादों पर टैरिफ के निलंबन और नशीली दवाओं की तस्करी, विशेष रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका में फेंटेनाइल के प्रवाह से निपटने की रणनीतियों पर बातचीत करने के लिए मिलेंगे.शिनबाम ने पुष्टि की कि उनकी सरकार ड्रग कार्टेल या संगठित अपराध का बचाव नहीं करती है, उन्होंने कहा, हम संप्रभुता का बचाव करते हैं.उन्होंने कहा कि मेक्सिको कार्टेल को आतंकवादी संगठन के रूप में नामित करने से उत्पन्न होने वाले किसी भी विदेशी उपाय को स्वीकार नहीं करेगा.

## डोनाल्ड ट्रंप का गाजा प्लान अरब देशों के लिए बना सिरदर्द, सऊदी प्रिंस ने बुलाई बैठक

गाजा पट्टी के मुद्दे को लेकर अरब देशों के नेता इस्लाम के गढ़ सऊदी अरब में अहम बैठक करने वाले हैं. सऊदी अरब में शुक्रवार (21 फरवरी) को होने वाली अहम बैठक में मिस्र और जॉर्डन समेत कई खाड़ी देशों के नेता भी शामिल होने वाले हैं. सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने अरब देशों के नेताओं को बैठक के लिए रियाद में आमंत्रित किया है. इस बैठक में गाजा पर शासन और इसके पुन. निर्माण के लिए धन जुटाने के मुद्दे पर चर्चा होनी है.इसके अलावा अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के गाजा पट्टी पर कंट्रोल करने और वहां से लोगों को विस्थापित करने की योजना से मुकाबला करने पर भी बातचीत होगी, जिसने पूरी अरब दुनिया में हलचल पैदा कर दी है और अरब ने. ताओं के लिए सिरदर्द बना हुआ है.गाजा पर किसका शासन हो और पुनर्निर्माण के लिए धन इकट्ठा करने पर चर्चासऊदी मीडिया के मुताबिक, यह एक अनौपचारिक बैठक है. अल जजीरा के मुताबिक, ट्रंप की गाजा के बारे में योजना ने अरब देशों को विरोध में एकजुट किया है. हालांकि, अरब देशों में इस बात को लेकर अभी असहमति है कि गाजा पट्टी पर किसका शासन होना चाहिए और इसे फिर से बनाने के लिए धन को कैसे इकट्ठा किया जाए.गाजा पर फैसला लेंगे अरब देश!सऊदी विदेश नीति के विशेषज्ञ उमर करीम ने बैठक को अरब जगत और फिलिस्तीनी मुद्दे के लिए महत्वपूर्ण बताया है. संयुक्त राष्ट्र का अनुमान है कि गाजा के पुनर्निर्माण में 53 अरब डॉलर से अधिक खर्च होंगे, इसमें पहले ही 3 सालों में करीब 20 अरब डॉलर से ज्यादा खर्च होगा. यह बैठक इसी मुद्दे को संबोधित करेगी कि गाजा पट्टी के पुन. निर्माण के लिए धन कैस इकट्ठा किया जाए.डोनाल्ड ट्रंप का गाजा को लेकर विच. ारअमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में यह प्रस्ताव देकर अरब दुनिया में आक्रोश फैला दिया है. ट्रंप ने प्रस्ताव दिया है कि गाजा पट्टी से करीब 23 लाख लोगों को पड़ोसी देश मिस्र और जॉर्डन में भेज दिया जाएगा. जिसका दुनिया के कई देशों ने विरोध किया. वहीं, मिस्र ने भी गाजा को लेकर प्लान तैयार करने के संकेत दिए हैं.

## आप' की गोवा इकाई के अध्यक्ष ने पुलिस पर लगाया उत्पीड़न का आरोप, कहा– जान कर रही परेशान

पणजीः आम आदमी पार्टी (आप) की गोवा इकाई के अध्यक्ष अमित पालेकर से शुक्रवार को पुलिस ने तीसरी बार पूछताछ की। पूछताछ जिसके बाद उन्होंने पुलिस पर उत्पीड़न का आरोप लगाया। भूमि पर कब्जा करने के कई मामलों में आरोपी और पुलिस की अपराध शाखा की हिरासत से फरार एक व्यक्ति द्वारा जारी किये गए एक वीडियो के संबंध में उनसे यह पूछताछ की गई। हालांकि, फरार व्यक्ति को बाद में गिरफ्तार कर लिया गया था। 'दंत ब्रश' और 'दंत मंजन' लेकर पालेकर सुबह ओल्ड गोवा पुलिस के सामने पेश हुए और उनसे करीब एक घंटे तक पूछताछ की गई। आप विधायक क्रूज सिल्वा एकजुटता दिखाने के लिए अपने पार्टी सहयोगी के साथ पुलिस थाने में मौजूद थे। अपना बयान दर्ज कराने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए आप की गोवा इकाई के अध्यक्ष ने राजनीतिक प्रतिशोध का आरोप लगाया और कहा कि पुलिस उन्हें बार–बार तलब कर रही है। पालेकर ने आरोप लगाया कि पुलिस एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और एक भाजपा विधायक सहित अन्य लोगों के खिलाफ कुछ नहीं कर रही है, जिनका नाम भूमि हड़पने के आरोपी सिद्दीकी सुल. `मान खान (55) ने वीडियो में लिया है। सिद्दीकी सुलेमान खान ने पिछले साल दि. संबर में दो वीडियो जारी किए थे और उनमें से एक में उसने दावा किया था कि पुलिस ने उसे हिरासत से भागने में मदद की थी। दूसरे वीडियो में खान ने दावा किया कि उसने पालेकर के कहने पर पहली वीडियो क्लिप रिकॉर्ड की थी। पालेकर ने कहा कि पुलिस अपनी शर्मिंदगी छिपाने की कोशिश कर रही है और केवल उनका उत्पीड़न कर रही है। आप नेता ने कहा कि खान का हिरासत से भागना गोवा पुलिस के लिए बहुत बड़ी बदनामी है। पालेकर दांत साफ करने वाला ब्रश और दंत मंजन लेकर पुलिस के सामने पेश हुए और कहा कि वह 'किसी भी चीज का सामना करने' के लिए तैयार हैं। उन्होंने अपने बयान में 'हर किसी' को बेनकाब करने का संकल्प जताया। आप नेता ने सवाल उठाया कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 35 के तहत उन्हें समन क्यों जारी किया गया, जबकि यह प्रावधान किसी आरोपी के मामले में लागू होता है। खान द्वारा जारी वीडियो के संबंध में आप नेता से इससे पहले 24 दिसंबर, 2024 और 9 जनवरी, 2025 को दो बार पूछताछ की गई थी। जमीन हड़पने के कई मामलों में अपराध शाखा द्वारा गिरफ्तार किया गया खान 13 दिसंबर, 2024 को हिरासत से फरार हो गया था, लेकिन दस दिन बाद उसे केरल से गिरफ्तार कर लिया गया। पणजी के निकट रिबंदर स्थित अपराध शाखा के कार्यालय में हिरासत से आरोपी को भागने में मदद करने के आरोप में कांस्टेबल अमित नाइक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

## हथियारों को सब में बांट दो, सर्वे में आए वकील को जान से मार देना संभल हिंसा को लेकर पुलिस का बड़ा खुलासा

संभल में 24 नवंबर 2024 को हुई हिंसा में अब तक का सबसे बड़ा खुलासा हुआ है। पुलिस ने शारिक साठा गैंग के एक अहम सदस्य मो गुलाम को गिरफ्तार किया है। गुलाम दुबई में बैठकर हिंसा को भड़काने वाले शारिक साठा गैंग से जुड़ा हुआ था। पुलिस गिरफ्त में आए शारिक शाटा गिरोह के सदस्य दीपासराय निवासी गुलाम ने बड़ा खुलासा किया है। पुलिस ने इस हिंसा में शारिक साठा के संबंध को उजागर किया। आरोपी ने बताया है कि शारिक साठा की साजिश थी कि किसी भी तरह से जामा मस्जिद का सर्वे नहीं होने देना है। गुलाम ने बताया कि सर्वे के दौरान बवाल में शारिक साठा गिरोह के अन्य सदस्यों के साथ उसने भी गोली चलाई थी। जिसमें चार लोगों की मौत हुई थी। पुलिस पूछताछ में आरोपी गुलाम ने कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। अधिवक्ता को मारने का था आरोपी ने बताया कि सर्वे के दौरान अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन और उसके साथियों की मारने का प्लान था। जिससे शहर के साथ–साथ देश का माहौल पूरी तरह बिगड़ जाए। शहर में कर्फ्यू लग जाए। इससे आपराधिक घटनाओं को आसानी से अंजाम देने में आसानी होगी। आरोपी ने यह भी बताया कि बवाल में जो हथियार शारिक साठा ने भेजे थे। वह हथियार गिरोह के सदस्य मुल्ला अफरोज, वारिस और मोहल्ले के अन्य लोगों को दिए थे। विदेश से कैसे मंगाए हथियार दरअसल, संभल में जामा मस्जिद सर्वे के दौरान हुए बवाल में विदेशी हथियारों से गोली बाजी हुई थी। शारिक साठा गिरोह के सदस्यों को हथियार मुहैया कराने वाले गुलाम को बृहस्पतिवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से 32 बोर की दो पिस्टल, एक 9 उउ की देशी पिस्टल, एक तमंचा, और विदेशी समेत अलग–अलग बोर के 15 देसी कारतूस बरामद हुए हैं।एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने खुलासे के दौरान बताया कि कोतवाली पुलिस ने आरोपी को रोडवेज बस अड्डे से गिरफ्तार किया है। आरोपी ने बताया है कि शारिक साठा की साजिश थी कि जामा मस्जिद का सर्वे नहीं होने देना है। एसपी ने बताया कि आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। इसके बाद उसे जेल भेज दिया गया है।साठा की जड़े मजबूत आरोपी ने पूछताछ में बताया शारिक साठा वाहन चोरी का बड़ा गिरोह चलाता है। गिरोह के सदस्य उसके इशारे पर ही देश में वाहन चोरी, लूट, चोरी, डकैती जैसी की घटनाओं को अंजाम देते हैं। इसके बाद चोरी के वाहनों को दूसरे राज्यों में बेचने की जिम्मेदारी उसकी रहती है। पुलिस के मुताबिक शारिक साठा का दाऊद इब्राहिम गैंग से भी कनेक्शन है और आईएसआई के लिए काम करता है। वह संभल के दीपा सराय का रहने वाला है, और पहले वह बस–ट्रक में हेल्पर का काम करता था।पूर्व सांसद के इशारे पर विधायक के बेटे पर चलाई थी गोली गुलाम ने बताया है कि साल 2014 में उसने पूर्व सांसद डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क के इशारे पर विधायक इकबाल महमूद के बेटे सुहेल इकबाल पर भी फायरिंग की थी। इस मामले में रिपोर्ट भी दर्ज की गई थी। आरोपी के खिलाफ जानलेवा हमला, चोरी, गैंगस्टर, हत्या समेत कुल 20 मुकदमे दर्ज हैं। एसपी ने बताया कि पूर्व में उसको और शारिक साठा को राजनीतिक संरक्षण था, लेकिन सरकार और पुलिस की सख्ती के चलते शारिक साठा विदेश भाग गया और वह भी इधर–उधर छिपकर रह रहा था। आरोपी मोबाइल का डाटा है डिलीट एसपी ने बताया कि गुलाम के पास से मोबाइल जो बरामद हुआ है। उसमें से काफी सारा डाटा डिलीट कर दिया गया है। उस डाटा को रिकवरी की जाएगी। जिससे अहम सबूत एकत्र किए जा सकेंगे। एसपी ने बताया कि मोबाइल में एक एप मिला है। जिसके जरिए गुलाम अपने बॉस शारिक साठा से बा. तचीत करता रहा है। गुलाम के पास से दो मोबाइल नंबर भी मिले हैं। एक सोशल मीडिया ग्रुप भी है, जिसमें सर्वे रोकने का मैसेज मिला है। यह ग्रुप संभल सांसद के नाम से बना हुआ है। इसको कौन ऑपरेट कर रहा था। इसकी जांच की जा रही है।

## इजरायल के बम धमाके के पीछे ईरान और हमास का हाथ! जानिए किसने जताया शक

इजरायल के बैट याम शहर में गुरुवार (20 फरवरी) शाम को तीन बसों में हुए सिल. सिलेवार बम धमाकों ने पूरे देश को हिला दिया. इन विस्फोटों में बसों के परखच्चे उड़ गए, हालांकि वक्त रहते दो बसों में लगे बमों को निष्क्रिय कर दिया गया.सुरक्षा एजेंसियों का मानना है कि यह एक प्री–प्लान आतंकी हमला था, जिसे ईरान और हमास ने मिलकर अंजाम दिया था. बता दें कि बसों में लगाए गए बम शुक्रवार सुबह 9 से 10 बजे के बीच ब्लास्ट करने के लिए सेट किए गए थे ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग हताहत हों, लेकिन गलत से. टिंग के कारण ये बम गुरुवार रात ही फट गए, जिससे किसी की जान नहीं गई. इजरायल के अधिकारियों के मुताबिक, ये बम नॉन स्टैंडर्ड विस्फोटक सामग्री से बने थे, जो कि बड़ी संख्या में का कारण बन सकते थे.ईरान और हमास का शक इजरायल की सुरक्षा एजेंसी शिन बेट का कहना है कि इस हमले की योजना ईरान में बनाई गई थी और इसे वेस्ट बैंक में एक्टिव हमास के लड़ाकों ने अंजाम दिया. रिपोर्ट के अनुसार, ईरान ने हमले के लिए न सिर्फ हथियारों की सप्लाई की बल्कि हमास के लड़ाकों को ट्रेनिंग भी दी थी. सुरक्षा एजेंसियों की जांच और तैनाती तेल अवीव पुलिस के जिला कमांडर के अनुसार, बमों का वजन चार से पांच किलोग्राम था और इन्हें सैकड़ों नागरिकों को मारने के इरादे से लगाया गया था. इस घटना के बाद इजरायल में सुरक्षा बढ़ा दी गई है. पुलिस और सुरक्षा बलों ने बसों और ट्रेनों की जांच तेज कर दी है और संदिग्धों की तलाश के लिए तैनाती बढ़ाई जा रही है.देशभर में चेकिंग अभियान बैट याम के मेयर ज्विका ब्रूट ने कहा कि शहर के स्कूलों और महत्वपूर्ण संस्थानों के आसपास सुरक्षा बढ़ाई जा रही है. हालांकि, यह संभावना नहीं है कि हमलावर अभी भी इलाके में मौजूद हों. इजरायल की परिवहन मंत्री मिरी रेगेव ने देशभर में बसों, ट्रेनों, और लाइट रेल ट्रेनों की जांच का आदेश दिया है.प्रधानमंत्री नेतन्याहू की प्रतिक्रिया



इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने पुलिस और शिन बेट को सुरक्षा कड़ी करने के निर्देश दिए हैं. इजरायल के रक्षा मंत्री ने यहूदिया और सामरिया के शरणार्थी शिविरों में अभियान तेज करने और तीन अतिरिक्त बटालियन तैनात करने का आदेश दिया है.सिलसिलेवार बम धमाके देश इजरायल के बैट याम में हुए सिल. सिलेवार बम धमाके देश की सुरक्षा के लिए एक बड़ी चुनौती बन गए हैं. हालांकि समय से पहले विस्फोट होने के कारण एक बड़ा हादसा होने से टल गया, लेकिन सुरक्षा एजेंसियों के लिए यह स्पष्ट है कि ईरान और हमास जैसे संगठनों से निपटने के लिए सतर्कता और सुरक्षा तंत्र को और मजबूत करना होगा.

# एटा में एक दर्दनाक सड़क हादसे में भाई–बहन की जान चली गई



एटा में एक दर्दनाक सड़क हादसे में भाई–बहन की जान चली गई। कोतवाली नगर क्षेत्र के अशोक विहार के पास तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक सवार भाई–बहन को टक्कर मार दी। हादसे में 16 वर्षीय अंजलि की मौके पर ही मौत हो गई।घायल 20 वर्षीय राजकुमार को पहले एटा के वीरांगना अवंती बाई मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया।प्राथमिक उपचार के बाद उसे आगरा रेफर किया गया। शुक्रवार सुबह आगरा के निजी अस्पताल में इलाज के दौरान राजकुमार ने भी दम तोड़ दिया।घटना उस समय हुई जब दोनों भाई–बहन अपने गांव मिलाबली थाना कोतवाली देहात से ननिहाल जा रहे थे।पुलिस ने अंजलि के शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। राज. कुमार का शव भी एटा लाया जा रहा है।एक ही परिवार में दो–दो मौतों से गांव में शोक का माहौल है। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है।

## एटा जिले के राजा का रामपुर स्थित लुहारी खेड़ा शाखा डाकघर में बड़ा घोटाला सामने आया

एटा जिले के राजा का रामपुर स्थित लुहारी खेड़ा शाखा डाकघर में बड़ा घोटाला सामने आया है। शाखा डाकपाल राम खिलाड़ी ने कई खाताधारकों के साथ धोखाधड़ी की है। उन्होंने पासबुक में फर्जी एंट्री कर और डाकघर की मुहर लगाकर लाखों रुपए का गबन किया।विभागीय जांच में तीन खाताधारकों के साथ की गई धोखाधड़ी का खुलासा हुआ है। फरजाना बेगम के खाते से 27,235 रुपए, सुरेश चंद्र के खाते से 35,912 रुपए और संतोष कुमार के खाते से 59,734 रुपए निकाल लिए गए। कुल मिलाकर 1.22 लाख रुपए का गबन किया गया।इस मामले में डाक निरीक्षक सचिन वर्मा ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। ग्रामीणों का कहना है कि कई अन्य लोगों ने भी अपने खातों में पैसे जमा किए थे। जब उन्होंने राजा का रामपुर उप डाकघर में अपने खाते चेक कराए तो पैसे गायब मिले।घोटाले में कन्या समृद्धि योजना के खातों को भी नुकसान पहुंचा है। कई परिवारों ने अपनी बेटियों के भविष्य के लिए इस योजना में पैसे जमा किए थे। दर्जनों खाताधारकों ने करीब दो माह पूर्व तहसील समाधान दिवस में जिलाधिकारी एटा प्रेमरंजन सिंह से लिखित शिकायत की थी।थाना प्रभारी किशोरी लाल मीना ने मामले की गहन जांच का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। डाक अधीक्षक नीलेंद्र कुमार दुबे से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया। लुहारी खेड़ा की शाखा डाकघर में सालों से तैनात डाकपाल द्वारा खाता धारकों के साथ धोखाधड़ी कर लाखों रुपए का गवन कर लिया गया लेकिन शाखा डाकघर की जांच हेतु लगाए हुए अधिकारी तिमाही छमाई और वार्षिक निरीक्षण कर खाता धारकों की जांच करते रहे लेकिन अब उन अधिकारियों की जांच पर भी सवाल उठ रहे हैं। अब केवल तीन खाता धारकों की धनराशि की गवन की बात सामने आना जांच पर सवालिया निशान लगा रहा है जबकि आधा दर्जन से अधिक लोग अपनी मेहनत की कमाई को बचाने के लिए न्यायालय की शरण में पहुंचे हुए है।

## एटा के भगीपुर गांव में एक .गंभीर मामला सामने आया

एटा के भगीपुर गांव में एक गंभीर मामला सामने आया है। 38 वर्षीय राजीव कुमार ने सूदखोर से परेशान होकर जहर खा लिया। इसके बाद वह सीधे कोतवाली नगर थाने पहुंच गया। राजीव ने बताया कि उसने दो साल पहले सूदखोर पवन गुप्ता से साढ़े तीन लाख रुपये उधार लिए थे।इसके लिए उसने अपने मकान का शर्तिया बैनामा कर दिया था। पैसों का भुगतान करने के बाद भी पवन ने मकान खाली नहीं किया। दो महीने पहले पवन ने मकान पर कब्जा कर लिया। इस विवाद से राजीव मानसिक रूप से परेशान चल रहा था।पीड़ित का चल रहा है इलाजथाना प्रभारी अमित कुमार सिंह के अनुसार, देर रात राजीव थाने पहुंचा और बताया कि उसने जहर खा लिया है। पुलिस ने तुरंत उसे एटा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस ने मौके पर परि. जनों को बुला लिया है। मामले की जांच की जा रही है। पीड़ित का इलाज हायर सेंटर में जारी है।

## एटा जिला कारागार में बंद कैदियों को महाकुंभ का आशीर्वाद मिला

एटा जिला कारागार में बंद कैदियों को महाकुंभ का आशीर्वाद मिला। प्रयागराज के त्रिवेणी संगम से लाए गए पवित्र गंगाजल से 850 बंदियों ने स्नान किया। जेल अधीक्षक अमित कुमार चौधरी के अनुसार यह आयोजन शासन के निर्देश पर किया गया।बैरक में कैदियों को स्नान कराया गयाउन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य था कि कोई भी बंदी कुंभ स्नान के लाभ से वंचित न रहे। जेल प्रशासन की देखरेख में प्रत्येक बैरक में कैदियों को स्नान कराया गया। इस दौरान सभी बंदियों में गंगा स्नान को लेकर विशेष उत्साह देखा गया। कैदियों ने पवित्र जल से स्नान कर आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति की।

## कासगंज : कावड़ मेले में सुरक्षा के इंतजामों को जिलाधिकारी व एडीजी आगरा जोन ने परखा

सोरोंजी : तीर्थनगरी में हरि की पौड़ी और लहरा गंगा घाट पर महाशिवरात्रि पर्व पर कावड़ मेले में श्रद्धालुओं की खासी भीड़ उमड़ेगी। जिसको लेकर की जा रही सुरक्षा तैयारियों को एडीजी आगरा जोन अनुपम कुलश्रेष्ठ ने घाटों पर पहुंचकर निरीक्षण किया। उनके द्वारा सुरक्षा व्यवस्था में कोई खामी न रहने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण में जिलाधिकारी मेधा रूपम और पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा भी साथ रहीं।एडीजी जोन अनुपम कुलश्रेठ ने पहले सोरोंजी हरि की पौड़ी पर निरीक्षण किया। वहीं मेले में दुकानदारों से वार्ता की। वहीं कावड़ यात्रियों के आने जाने वाले मार्ग को देखा। इसके बाद लहरा गंगा घाटा पर सुरक्षा के इंतजाम देखे। उन्होंने कहा कि कावड़ मेले में बढ़ी संख्या में श्रद्धालु गंगा घाटों पर गंगाजली लेने के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में वाहनों की पार्किंग, जाम की समस्या न रहे इसके लिए रूट डायवर्जन, गंगा घाट पर लाइटों व अन्य की व्यवस्थाएं दुरुस्त रखी जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कावड़ भरने आने वाले श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न होने पाएं।कांवड़ मेले में दुकानदारों के द्वारा दुकानें सजाई जा रही हैं। महाशिवरात्रि पर्व के चलते गंगाघाटों और सोरोंजी हरि की पौड़ी पर कावड़ के सामान को बेचने वाले दुकानदार पहुंच रहेहैं। दुकानदार ने एक व्यक्ति पर कांवड़ मेले में लाइटों को लगवाए जाने के लिए अवैध वसूली किए जाने का आरोप लगाते हुए विरोध जताया और शिकायत का ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया।महाशिव. रात्रि समीप आने के साथ ही कांवड़ मेला भी सजने लगा है। दुकान लगाने वाले भी मेले में पहुंच रहे हैं। उनके द्वारा समीपवर्ती



गांव होडलपुर व अन्य स्थानों पर कांवड़ बेचने की दुकाने लगाईजा रही हैं। दुक. ानदारों का कहना है कि कांवड़ मेले में दुकानों को लगाए जाने के लिएनगर पा. लिका का ठेकेदार उनसे अवैध वसूली कर रहा है। दुकानदार होडलपुर में दुकान लगातेहैं। पालिका के ठेकेदार द्वारा किसी प्रकार की वसूली किए जाना अवैध है। इस अवैध वसूलीपर रोक लगाई जाए। जिससे दुकानदारों का शोषण न हो। विरोध जताकर ज्ञापन देने वालों मेंकुंवरपाल, संतोष, राम खिलाड़ी, संजीव कुमार, राज. कुमार, तोताराम, अनुज कुमार, रामनरेश,रा. जेश, गिरीश, अशोक आदि दुकानदार शामिल हैं।

## ट्यूबवेल की लाइन को ठीक करते समय लाइन में करंट आने से एक विद्युत कर्मी की मौत

कासगंजः ट्यूबवेल की लाइन को ठीक करते समय लाइन में करंट आने से एक विद्युत कर्मी की मौत हो गई। उसकी मौत से परिजन में कोहराम है। मृतक विद्युत कर्मी की पत्नी ने नमैनी फीडर के अवर अभियंता एवं लाइनमैन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।सोरोंजी क्षेत्र के ग्राम केंडी निवासी सुरेंद्र (28) की पत्नी पूनम देवी का कहना है कि शुक्रवार की सुबह लगभग 9रू30 बजे उनके पति को लाइनमैन श्यामवीर बुलाकर ग्राम ताखरू ले गया। बताया गया कि ट्यूबवेल खराब हो गया है। जहां लाइन बदलने के लिए सुरेंद्र अन्य विद्युत कर्मियों के साथ लाइन डालने के लिए तारों को खींच रहा था। इसी दौरान विद्युत निगम की लापरवाही के कारण तारों में किसी तरह से करंट दौड़ गया, जिससे उसके पति सुरेंद्र की मौत हो गई। जानकारी होने पर परिजन मौके पर पहुंच गए और नमैनी बिजली घर पर विरोध जताया। घटना में लाइनमैन श्यामवीर व बलवीर भी घायल हो गया। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। मृतक सुरेंद्र के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक सुरेंद्र की पत्नी पूनम ने अवर अभियंता अनिल भास्कर और लाइनमैन के खिलाफ तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## कासगंज के जमीन की धोखाधड़ी के . मामले में 4 आरोपि गिरफ्तार





कासगंज के जमीन की धोखाधड़ी के मामले में 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने एक किसान की जमीन के फर्जी दस्तावेज तैयार कर बैनामा करा लिया था।पीड़ित जयसिंह ने कोतवाली अमापुर क्षेत्र के अम्बेडकर नगर में थाना सहावर पर शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने 7 लोगों पर जमीन के कूटरचित दस्तावेज बनाकर फर्जी बैनामा कराने का आरोप लगाया था। पुलिस ने मामले में धारा 319, 318, 338, 336, 340 और 61(2) के तहत एफआईआर दर्ज की।गिरफ्तार आरोपियों में एटा जिले के नगला खोखर निवासी बबलू उर्फ राजेश उर्फ रामचंद्र, कुठिला लायकपुर निवासी अशोक, कासगंज के वहापुर मजरा खोजपुर निवासी सोमवीर और भृगवासिनी थाना अमांपुर की राखी उर्फ राजी शामिल हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों को जेल भेज दिया है। पुलिस अभी फरार चल रहे 3 अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है। मामले की जांच जारी है।

## विधायक हरिओम वर्मा ने अमांपुर विधान सभा क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं और विकास कार्यों के लिए विधानसभा में बजट सत्र के दौरान आवाज उठाई



कासगंज : क्षेत्र के विकास के लिए विधानसभा में उठाई आवाज, गिनाई क्षेत्र की प्रमुख मांगेअमांपुर, :क्षेत्रीय विधायक हरिओम वर्मा ने अमांपुर विधान सभा क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं और विकास कार्यों के लिए विधानसभा में बजट सत्र के दौरान आवाज उठाई। उन्होंने क्षेत्र की आवश्यकताओं को गिनाया। वहीं क्षेत्र में कराए गए विकास कार्यों को भी बताया।विधायक हरिओम वर्मा ने कहा कि अमांपुर में कोई रोडवेज बस स्टैंड नहीं है, उन्होंने रोडवेज बस स्टैंड निर्माण की मांग रखी। तहसील मुख्यालय सहावर से नगर पंचायत सिढ़पुरा वाया नगर पंचायत मोहनपुर मार्ग चौड़ीकरण का प्रस्ताव, मानपुर नागरिया को नगर पंचायत बनाने की मांग की। तीर्थ नगरी सोरों मार्ग से नगर पंचायत सहावर में अलीगंज, गंजडुंडवारा मार्ग तक बाइपास मार्ग बनाने का प्रस्ताव शासन में लंबित है। करसाना में नवीन बिजलीघर बनाने की मांग, जमालपुर नगरिया मार्ग नगला ईश्वरी पर बुढ़ गंगा पुल का जनहित में पुनर्निर्माण, नगर पंचायत सहावर, अमांपुर का सीमा विस्तार, विधानसभा क्षेत्र में गर्ल्स इंटर कालेज और महाविद्यालय बनाए जाने का प्रस्ताव रखा। इसके अतिरिक्त वीनपुर कला से मोहनपुर मार्ग का चौड़ीकरण, अमांपुर से बढारी स्टेशन तक मार्ग का चौड़ीकरण, अमांपुर सिढ़पुरा मार्ग से नगला पर्सी तक सड़क निर्माण, भरतपुर गांव से डेगरी गांव तक सड़क निर्माण, बहापुर से नहर पुल तक सड़क निर्माण कराने की मांग सदन में रखी। उन्होंने बताया कि विधान सभा अध्यक्ष ने सभी मांगों की स्वीकृति का आश्वासन दिया है

**जननायक सम्राट**
**हिंदी साप्ताहिक**
मालिक,मुद्रक, प्रकाशक आरती वर्मा द्वारा आशु प्रिंटिंगप्रेस,अचलताल अलीगढ़ से मुद्रितकराकर . कार्यालय सरोज नगर गली नम्बर 5,अलीगढ़ से प्रकाशित
सम्पादक–अमित कुमार वर्मा
सभी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद अलीगढ़ न्यायलय ही होगा

**आवश्यकता है**
हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र जननायक सम्राट के लिए जिला व्यूरो चीफमंडल व्यूरो चीफ ब्लाक ,ब्यूरो संवाददाता की आवश्यकता है।
सम्पर्क करें –
अमित कुमार वर्मा –संम्पादक
मौः–8218049162,8273402499